समाचार

# नया ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण से विकास को मिलेगा बल, शहर की अनेक समस्याएं होंगी दूर–डॉ.महंत

**(विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की उपस्थिति में बरबसपुर में रखी नए ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण कार्य की आधारशिला)**




कोरबा 05 नवम्बर 2019 –छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने आज कहा है कि बरबसपुर कोरबा में नया ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण से कोरबा के विकास को बल मिलेगा तथा शहर की अनेक समस्याएं दूर होगी, शहर में भारी वाहनों का दबाव खत्म होगा एवं वाहनों के चलने से पैदा होने वाले प्रदूषण से भी शहरवासियों को निजात मिलेगी। उन्होने कहा कि नए ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण से बरबसपुर तथा आसपास स्थित ग्रामों के लोगों को रोजगार मिलेगा, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उक्त बातें डॉ.महंत ने आज बरबसपुर में नए ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बरबसपुर में 37 करोड़ 44 लाख 72 हजार रूपये की लागत से नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाएगा। आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने नए ट्रांसपोर्ट नगर की आधारशिला रखी तथा कार्य हेतु भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि निश्चित रूप से नया ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कोरबा के लिए एक बड़ी सौगात होगी तथा इसके निर्माण से पुराने टी.पी.नगर क्षेत्र के निवासियों की अनेक समस्याएं अपने आप समाप्त हो जाएंगी। उन्होने कहा कि कोरबा में मेडिकल कालेज खुलेगा तथा इसके साथ–साथ जो अस्पताल खोला जाएगा, उससे कोरबा के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी। उन्होने कहा कि कोरबा में अनेक ऐसे कार्य होने जा रहे हैं, जिससे कोरबा में विकास का नया वातावरण बनेगा। इस अवसर पर उन्होने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के विकास

कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कोरबा के विकास के लिए अत्यंत सराहनीय कार्य किए हैं, बरसों की समस्याएं दूर की हैं, लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी हैं तथा उनके इस कार्य में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का महत्वपूर्ण सहयोग व मार्गदर्शन रहा है।

**प्रदेश के अग्रणी शहरों में शुमार होगा कोरबा**– इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में कोरबा विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा तथा प्रदेश के अग्रणी शहरों में कोरबा का नाम शुमार होगा। उन्होने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के इन पांच वर्षो के कार्यकाल के दौरान कोरबा के विकास के लिए हजारों की संख्या में विकास कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया गया है, महापौर ने जनता से किए गए अपने वायदों को पूरा किया है, नया ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण भी इन्हीं प्रमुख वायदों में से एक है, जिसकी आधारशिला आज डॉ.महंत के करकमलों से रखी गई है। उन्होने कहा कि नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाना शहर के लिए अत्यंत आवश्यक था, इसके निर्माण से शहर की अनेक समस्याएं दूर होंगी, लोगों को राहत मिलेगी, यातायात पर भारी वाहनों का दबाव खत्म होगा, साथ ही दर्री, बालको, कुसमुण्डा, बांकीमोंगरा क्षेत्र के विकास के साथ–साथ बरबसपुर एवं इससे लगे ग्रामों व इस समूचे क्षेत्र का भी विकास होगा, लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**शहर की महती आवश्यकता का हुआ शुभारंभ**– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने नया ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के संबंध में प्रतिवेदन रखते हुए कहा कि कोरबा शहर की एक बहुत बड़ी आवश्यकता थी कि उपयुक्त स्थल पर नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाए, आज इसका शुभारंभ किया गया है, जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅं, जिनके प्रयासों से आज इस कार्य की शुरूआत की गई है। उन्होने नए ट्रांसपोर्ट नगर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 132154 वर्गमीटर भूमि पर नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाएगा, जिस पर विभिन्न आकार के लगभग 76 भूखण्डों समेत 7350 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र का बेसमेंट पार्किंग सुविधायुक्त 06 मंजिला मल्टीप्लेक्स का निर्माण व अन्य छोटे व्यवसायियों के लिए गुमटी स्थल का विकास प्रस्तावित है, मल्टीप्लेक्स भवन में विभिन्न आकार की 59 दुकानें, बैंक हेतु 02 बड़े हाल, फूड जोन, परिवहन व्यवसायियों के कार्यालयों के लिए 32 हाल, 18 कमरायुक्त होटल एवं 200 दर्शक क्षमता वाला सिनेमा हाल भी प्रस्तावित है, एन.जी.टी. के मानक मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए नाली से प्रवाहित होने वाले दूषित जल के शोधन हेतु एक उचित क्षमता का एस.टी.पी. भी समावेसित है, इसके अलावा सड़कों का निर्माण, जलापूर्ति हेतु 03 लाख लीटर का जलागार तथा विद्युत सबस्टेशन भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का हार्दिक रूप से स्वागत किया तथा कहा कि यह प्रयास किया जाएगा कि आगामी 02 वर्षो के अंदर नए ट्रांसपोर्ट नगर के कार्य को मूर्तरूप दिय जा सके।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त श्री राहुल देव अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी, इंदिरा कौशिक, पार्षद मदन सिंह, पालूराम साहू, मनीष शर्मा, पूर्व सभापति संतोष राठौर, हरीश परसाई, सुरेन्द्र प्रताप जासवाल, श्यामसुंदर सोनी, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, महेश भावनानी, अर्चना उपाध्याय, महेश अग्रवाल, श्यामनारायण सोनी, संतोष लांझेकर आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।